# सौगातः दशहरा ग्राउंड के सौंदर्यीकरण पर खर्च होंगे 53.23 लाख

◆ यमुनानगर के दशहरा ग्राउंड में बनेगा नया ट्रैक, रखे जाएंगे बेंच और लगेंगी नई लाइटें, विधायक व मेयर ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के मॉडल टाउन स्थित दशहरा ग्राउंड का 53 लाख 23 हजार रुपये की लागत से नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी ने वीरवार दशहरा ग्राउंड के सौंदर्यकरण व नवीनीकरण करने के कार्य का शिलान्यास किया व नारियल फोड़कर उद्घाटन किया। मौके पर क्षेत्र के पार्षद विभोर पहुजा व भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़ विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रहे।

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि दशहरा ग्राउंड के सौंदर्यकरण व नवीनीकरण के कार्य पर 53. 23 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं। हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार जनहित को ध्यान में रखकर हर शहर व गांव का विकास कर रही है। देश व प्रदेश में सड़कों के जाल बिछाए जा रहे हैं। हर नागरिक की राह आसान बनाने के कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र के हर वार्ड में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए गए हैं। करोड़ों रुपये के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। कई वार्डों में नए विकास कार्य कराने के एस्टीमेट तैयार किए जा रहे हैं तो कुछ में एस्टीमेट तैयार कर टेंडर लगाए गए हैं। करोड़ों के विकास कार्यों के टेंडर लगे हुए हैं। करोड़ों के प्रोजेक्ट समेत कई वार्डों में गलियों, नालियों व अन्य विकास कार्य निर्माणाधीन है।

जल्द ही नगर निगम में रिवर फ्रंट, हमीदा हैड के पास नौ एकड़ जमीन में पार्क बनेगा। शहर में पार्कों को सुंदर बनाया जा रहा है। हमारा शहर पर्यटन हब के रूप में उभर रहा है। शहर के तीन मुख्य मार्गों को सौंदर्यीकरण, ओपन एयर थियेटर एवं ऑडिटोरियम, कई सामुदायिक केंद्र, स्टॉर्म वाटर ड्रेन समेत करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। जल्द ही शहरवासियों को इनकी सौगात मिलेगी।

## स्ट्रीट लाइटों से जगमगाएगा दशहरा ग्राउंडः मेयर



मेयर सुमन बहमनी ने बताया कि वार्ड नंबर आठ के दशहरा ग्राउंड में जहां दशहरे पर रावण, मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन होता है। यहां प्रशासनिक, धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम होते हैं। दशहरा ग्राउंड के नवीनीकरण योजना में चारों ओर पुराने ट्रैक को तोड़कर नया ट्रैक बनाया जाएगा। नए बेंच, स्ट्रीट लाइट, डस्टबिन व अन्य व्यवस्थाएं दी जाएगी। ग्राउंड में बने हुए गड्ढों को ठीक कर लेवल किया जाएगा। पूरे पार्क को सुंदर बनाने के लिए चारों तरफ लगे पेड़ों की सुंदर तरीके से ट्रिमिंग की जाएगी। फूलों के पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा ग्राउंड को सुंदर व आकर्षक बनाया जाएगा। उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्य तीव्रता से किया जाए। विकास कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। गुणवत्ता से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक पर छेड़छाड़, गलत मैसेज करने का आरोप

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी निवासी युवती ने युवक पर उसके साथ छेड़छाड़ करने व मोबाइल पर गलत मैसेज भेजने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय युवती ने बताया कि किरण सिंह नामक युवक लंबे समय से उसका पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी ने उसका मोबाइल नंबर पता कर उसके पास अश्लील मैसेज भेजने शुरू कर दिए। जिसे नजरअंदाज किया। 14 मई को रात किसी काम से जाते समय आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा जबरदस्ती करने का प्रयास किया। वह किसी प्रकार बचकर घर पहुंची। घटना के बारे में परिजनों को बताया।

### नौकरानी पर अलमारी से नकदी चोरी का आरोप

**यमुनानगर।** जगाधरी के सेक्टर-17 में एक घर से अलमारी में रखे एक लाख रुपये चोरी हो गए। मकान मालिक ने नौकरानी पर आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सत्यपाल गोयल ने बताया कि उनके पास सहारनपुर के खेड़ा अफगान गांव में 27 बीघा जमीन है। जिसके ठेके के पैसे उसने अपनी घर की अलमारी में रखे हुए थे। सुबह जब उसने अलमारी खोली तो तीन लाख में से एक लाख 15 सौ रुपये कम मिले। उसने घर की नौकरानी दुर्गा गार्डन निवासी सिमरन पर आरोप लगाया।

### दफ्तर में घुसकर युवक पर हमला, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी के बूडिया चौक स्थित कार्यालय में घुसकर चार युवकों ने सरस्वती कॉलोनी जगाधरी निवासी संजीव कुमार पर हमला कर दिया। पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। सरस्वती कॉलोनी संजीव कुमार ने बताया कि उसका बूडिया चौक के पास कार्यालय है। 11 मई को रात 11 बजे वह अपने कार्यालय में बैठा था। इसी दौरान तरूण कांबोज, नीरज, मोहित शर्मा व गगनदीप उसके कार्यालय में आए व गाली गलौच कर मारपीट शुरू कर दी। विरोध किया तो उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

## शहर में भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पाक को विश्वभर में किया बेनकाब : शर्मा

राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने की अगुवाई जगह-जगह हुआ स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय सेना के सम्मान में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा यमुनानगर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं समेत हजारों की संख्या में आमजन, व्यापारी, दुकानदार शामिल हुए। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने किया। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा, नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी व भाजपा की प्रांतीय उपाध्यक्ष बंतो कटारिया विशिष्ठ अतिथि के रुप में मौजूद रही।

तिरंगा यात्रा शहर के जगाधरी वर्कशॉप मार्ग स्थित महिला थाना के नजदीक से शुरु होकर फव्वारा चौक से होते हुए मॉडल टाउन से होकर नगर के विभिन्न स्थानों से होते हुए अंत में शुभारंभ स्थल पर जाकर संपन्न हुई।

इस दौरान तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी, दुकानदार समेत आमजन हाथों में तिरंगा लेकर हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल हुए। खास बात यह रही कि तिरंगा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा में शामिल सभी ने भारत माता की जय, वंदे मातरम समेत अन्य देश भक्ति के उद्घोष से लोगों में देश भक्ति का जज्बा भर दिया।

मुख्यातिथि एवं तिरंगा यात्रा की संयोजक राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा ने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर से पाकिस्तान विश्व भर में बेनकाब गया है। ऑपरेशन सिंदूर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी ने संसार को बता दिया है कि हम आतंकवाद के खिलाफ हैं और इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। शांति को कमजोरी समझा जाएगा तो भारत चुप नहीं रहेगा।

इस मौके पर पूर्व मेयर मदन चौहानए,डाक्टर सतपाल बहमनी,पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद, पूर्व चेयरमैन रामनिवास गर्ग, जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग , पार्षद मनु कृष्ण सिंगलाए व पार्षद विभोर पाहुजा आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करते हुए राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा व विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य।

### ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान हुआ बेनकाब, विश्व ने देखी भारत की ताकत

विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारतीय सेना ने हमला कर पहलगाम हमले का बदला ले लिया है। ऑपरेशन सिंदूर में आतंकवादियों के पाकिस्तान स्थित नौ ठिकाने तबाह किए गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने ना सिर्फ बॉर्डर सील किए हैं। बल्कि सिंधु जल संधि भी निलंबित करते हुए पाकिस्तान पर चोट की है और आतंकवादी नेटवर्क का भंडाभोड़ किया गया है। पीएम मोदी की विदेश कूटनीति के परिणाम के चलते ही पाकिस्तान दुनियां से अलग थलग पड़ गया। मौके पर भाजपा की प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री बंतो कटारिया ने कहा कि हरियाणा की जनता की और से पीएम मोदी को नमन करते हुए धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने भारत को आत्मनिर्भर तो बनाया ही साथ ही गौरव से भर दिया है। यह तिरंगा यात्रा भारतीय सेना को समर्पित है ।हमारे दिल में भारत है और हर कदम पर भारत है। देश की धरती हमारी जिम्मेवारी है। देश की एकता पर हर दिल का इरादा है कि पूरा भारत प्रधानमंत्री के साथ खड़ा है।



**यमुनानगर।** प्रतिबंधित कैप्सुलों के साथ गिरफ्तार किया गया आरोपी व्यक्ति।

## ट्रामाडोल के 960 कैप्सूल के साथ व्यक्ति किया गिरफ्तार

■ रतौली गांव के पास से किया काबू अदालत से रिमांड पर लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने साढौरा थाने के गांव रतौली के पास से एक व्यक्ति को प्रतिबंधित दवाई के कैप्सूलों के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 960 कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

जानकारी के अनुसार सेल के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव रतौली के नजदीक के एक व्यक्ति प्रतिबंधित की गई नशीली दवाइयों के साथ घूम रहा है। इस सूचना पर उप निरीक्षक सतीश कुमार, आशीष, एएसआई जसबीर, मुख्य सिपाही ललित व मनजीत की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर किया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट डीएसपी हरविंदर सिंह को बुलाया गया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से प्रतिबंधित दवाई ट्रामाडोल के 960 कैप्सूल बरामद हुए। मौके पर ड्रग कंट्रोलर बिंदु धीमान से आरोपी से बरामद किए गए कैप्सूलों की जांच करवाई गई तो पता चला कि आरोपी से जो कैप्सूल बरामद हुए हैं। वह पूर्ण रुप से प्रतिबंधित हैं। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान रमजान उर्फ जाना निवासी रतौली के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



## कला संकाय में मंशा शर्मा ने प्रदेश में किया टॉप रादौर की बेटी को रोटरी क्लब करेगा सम्मानित

**रादौर।** रादौर के खेड़ा मोहल्ला निवासी व सेवानिवृत्त नायब सूबेदार मनदीप शर्मा की बेटी मंशा शर्मा ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा के आर्टस संकाय में 500 में से 497 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर रादौर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रोटरी क्लब की ओर से शहर की बेटी मंशा शर्मा को जल्द सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। क्लब की ओर से पूर्व प्रधान डॉ.एससी सैनी ने कहा कि शहर की बेटी मंशा शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त कर शहर, जिले व प्रदेश का नाम रोशन किया है। शहर के लोगों को मंशा शर्मा की कामयाबी पर गर्व है। जल्द ही मंशा शर्मा व उनके परिवार को क्लब की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस बारे मंशा शर्मा के पिता मनदीप शर्मा व माता शालिनी शर्मा ने कहा कि उन्हें अपनी बेटी पर गर्व है। बेटी ने ऊंचा मुकाम हासिल कर उनके परिवार का नाम रोशन किया है। मंशा शर्मा ने बताया कि वह यूपीएससी की तैयारी कर आईएएस बनना चाहती है। जिसके लिए वह कड़ी मेहनत करेगी। मंशा ने बताया कि उसने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत की है। सोशल मीडिया से दूर रहकर उसने प्रतिदिन 6 से 7 घंटे पढ़ाई कर मुकाम हासिल किया है ।

## परिवार के बिना समाज की कल्पना असंभव निर्मलः सिंह

**रादौर।** रोटरी क्लब रादौर की ओर से वीरवार को अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस मनाया गया। प्रधान निर्मल सिंह ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस हर साल 15 मई को मनाया जाता है। यदि हम अपने समाज की बात करें तो परिवार सबसे छोटी इकाई है, परिवार सामाजिक संगठन की मौलिक इकाई है। परिवार के बिना मनुष्य समाज की कल्पना भी नहीं कर सकता। हर कोई किसी न किसी परिवार का सदस्य होता है या फिर वह अपने परिवार से अलग होने की सोच भी नहीं सकता है। हमारे समाज की परम्पराओं और उसकी सभ्यताओं में कितने ही बदलाव क्यों न हो जाएं। लेकिन परिवार के अस्तित्व पर कोई भी आंच नहीं आनी चाहिए चाहे परिवार बने और बन कर भले टूट ही क्यों न जाएं। लेकिन परिवार के स्वरूप में परिवर्तन नहीं आया।



## डीएवी गर्ल्स कॉलेज में हवन के साथ किया सत्र का समापन

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में वीरवार को सत्र समाप्ति पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। कार्यवाहक प्राचार्या डॉ.सुरिंद्र कौर व मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबड़ा मुख्य यजमान के रूप में मौजूद रहे। यज्ञ आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री ने छात्राओं को सत्र समाप्ति पर सफलता का आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि अंत भला तो सब भला अर्थात सत्र समाप्ति पर यज्ञ जैसे पवित्र कार्य का आयोजन भावी सफलता की नींव रखता है। मंत्रोच्चारण करते हुए उन्होंने आह्वान किया कि यज्ञ में आहुति मन, वाणी व कर्म भाव से डालें। जिस प्रकार हवन की पवित्र अग्नि उपर की ओर जा रही है, आपका जीवन सफलता की उचांइयों की ओर बढ़े। कार्यवाहक प्राचार्या सुरिंद्र कौर ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन की पावन अग्नि एवं सुगंध के समान आप सभी का भविष्य सुखद एवं पावन बना रहे और आप सभी परीक्षा में सफलता हासिल करें। इस मौके पर संगीत विभाग अध्यक्ष डॉ.नीता द्विवेदी ने हे प्रभु दुर्गुण मेरे हर लीजिए भजन गायन किया। इस मौके पर डॉ.रीटा सिंह, डॉ.गुरशरन कौर, डॉ.निताशा, डॉ.दीपिका, डॉ.रंजना, डॉ.विभाति व नैना इत्यादि मौजूद रहे।





## स्टेट नारा लेखन स्पर्धा में खालसा कॉलेज की तन्नू ने पाया तीसरा स्थान

**यमुनानगर।** कुवि की राज्य स्तरीय नारा लेखन प्रतियोगिता में गुरु नानक खालसा कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा तन्नू ने तीसरा स्थान हासिल किया है। तन्नू यूथ रेडक्रॉस क्लब की सक्रिय वालंटियर भी है। प्रतियोगिता जीतकर कॉलेज में पहुंचने पर तन्नू का स्वागत किया गया। कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. प्रतिमा शर्मा ने तन्नू को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। ऐसी उपलब्धियां करुणा, समाज सेवा और रचनात्मक अभिव्यक्ति के मूल्यों को दर्शाती हैं जो हम अपने छात्रों में विकसित करते हैं। गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी तन्नू और वाईआरसी टीम को हार्दिक बधाई दी। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. कैथरीन मसीह ने कहा कि ऐसे आयोजनों में युवाओं की भागीदारी न केवल व्यक्तिगत विकास को बढ़ाती है बल्कि शैक्षणिक संस्थानों में सेवा और मानवता की संस्कृति को भी मजबूत करती है।

## बी.टैक की छात्रा संध्या एंड उनकी टीम रंगोली प्रतियोगिता की विजेता

■ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाचरौन में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाचरौन में वीरवार को राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर रंगोली समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रतिभा दिखाई। मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा ने भाग लिया।

रंगोली प्रतियोगिता में ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट की बी.टैक की छात्रा संध्या, कशिश, रिया, दीक्षा व दीक्षा की टीम ने रंगोली प्रतियोगता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, बीसीए टीम से शिखा, परिजा, भावना,कशिश व संजना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में बीबीए की छात्रा महिमा ने दूसरा स्थान हासिल किया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बीसीए से तनु प्रथम एवं मिष्ठी तृतीय स्थान पर रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बीबीए से नैंसी, मोनी एवं बी.टैक से मामून रजा एवं मोहम्मद सजर की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यातिथि नेपाल राणा ने विजेताओ को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता और तकनीकी ज्ञान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. लक्ष्य अग्रवाल ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उनन्होने विद्यार्थियों को भविष्य में और अधिक सफलताएं प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।



**यमुनानगर।** नाचरौन आईटीआई में आयोजित प्रतियोगिता में रंगोली बनाते हुए ग्लोबल शिक्षण संस्थान की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि।*

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में की शिकायतों की सुनवाई

# समाधान शिविर की शिकायतें यथाशीघ्र निपटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा वीरवार को जिला सचिवालय में समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान किया। उन्होंने अधिकारियों को शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार के दिशा निर्देशन में आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब ये शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन होगा। जिला स्तरीय समाधान शिविर जिला सचिवालय के सभागार में तथा उपमंडल स्तर के समाधान शिविर बिलासपुर, छछरौली व रादौर में स्थित एसडीएम कार्यालय में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य है जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करनाए ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के मार्गदर्शन में चल रही इस पहल को जनता का भी भरपूर सहयोग और सराहना मिल रही है। समय पर समाधान, समर्पित अधिकारी और आमजन की भागीदारी के साथ यह शिविर आज गुड गवर्नेंस का सशक्त उदाहरण बनकर उभरे हैं।

### 13 शिकायतें आई

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि समाधान शिविर में 13 शिकायतें प्राप्त हुई हैं जिनमें साढौरा निवासी कमल कुमार ने नगर पालिका साढौरा में अवैध जोड़ की निकासी बारे, तेजली निवासी कमलेश ने बिजली का बिल सही करवाने बारे, घोड़ो पिपली निवासी विक्रम सिंह ने पुलिस से सम्बंधित शिकायत रखी। वहीं, यमुनानगर निवासी मंजू व चौधरी कॉलोनी निवासी सोनू ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, ऊँचा चंदना निवासी रजनी ने परिवार पहचान पत्र व वोटर कार्ड बनवाने बारे, बाग का माजरा निवासी अनिल कुमार ने बीपीएल राशन कार्ड बनवाने बारे, जगाधरी के हुड्डा निवासी यशपाल मलिक ने हुड्डा कार्यालय से संबंधित शिकायत रखी। इसी प्रकार यमुनानगर निवासी सुशील कुमार ने परिवार पहचान पत्र ठीक करवाने बारे, मुखर्जी पार्क निवासी संदीप शर्मा ने घर के आगे से बिजली की तार हटवाने बारे समस्या रखी। इस अवसर पर आईएएस अंडर ट्रेनिंग सुमन यादव, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीडीपीओ नरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### दिव्यांग बच्चों के अधिकारों की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिव्यांग बच्चों की पहचान के लिए, उनको उनके अधिकार बताने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया है। सीजेएम नितिका भारद्वाज ने कहा कि डीएलएसए द्वारा एक टीम गठित की गई है। इस गठित टीम द्वारा गांव मछरेडी, नखरोजपुर, फलसंडा जाटान में दिव्यांग बच्चों के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई।

### प्रियांशु शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया

**पिहोवा।** संत ईशर सिंह अकादमी अरुणाय रोड के बच्चों ने सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। विज्ञान संकाय में प्रियांशु शर्मा ने 98 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। जबकि रूपिंदर 94 प्रतिशत हासिल करने में सफल रही। वाणिज्य संकाय में दिलप्रीत कौर में 95.4 प्रतिशत के साथ पहला स्थान, कुलविंदर ने 95 प्रतिशत व जसमीन 93 प्रतिशत अंक हासिल किए। कला संकाय में सिद्धार्थ राणा ने 93.6 प्रतिशत, परमदीप कौर 92 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए।

### गांव दर्रा खुर्द और मलिकपुर में डीटीपी टीम की कार्रवाई

# 4.5 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों में निर्माण ढहाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



जिला नगर योजनाकार की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में 2 जगहों पर लगभग 4.5 एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनियों को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 2.5 एकड़ व गांव मलिकपुर में लगभग 2 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों को उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोड़फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 2.5 एकड़ व गांव मलिकपुर में लगभग 2 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों की सड़कें, सीवरेज, मेनहोल, और गेट के अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव दर्रा खुर्द में लगभग 2.5 एकड़ व गांव मलिकपुर में लगभग 2 एकड़ में पनप रही 2 अवैध कॉलोनियों की सड़कें, सीवरेज, मेनहोल और गेट के अवैध निर्माण के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्टद करने का काम किया गया है।

### डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी करें प्राप्त

उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करें। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि ग्रुप हाउसिंग स्कीम में दीनदयाल हाउसिंग स्कीम व अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग स्कीम के तहत 5 एकड़ भूमि पर लाइसेंस प्रदान किया जाता है, जिसमें आवेदन करके कॉलोनी काटने की जरूरी अनुमति प्राप्त की जा सकती है।

*टैब की सहायता से करते थे गाड़ी चोरी*

# अंतर्राज्यीय गाड़ी चोर गिरोह के दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से एक टैब, कारों के 4 लॉक, अलग-अलग गाड़ियों की 9 चाबियां, 27 प्रकार के औजार, 4 फर्जी नंबर प्लेट व 5 टोचन बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने अन्तर्राज्यीय गाड़ी चोर गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 पुलिस की टीम ने अन्तर्राज्यीय गाड़ी चोर गिरोह के नीरज वासी शीतल नगर रोहतक व राजीव उर्फ गोलू वासी कोथ कलां जिला हिसार हाल वासी जींद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नीरज व राजीव उर्फ गोलू एक चोरीशुदा कार को बेचने की फिराक में फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे हैं। जो एनएच-152 डी से होते हुए पेहवा की तरफ जाएंगे। सूचना के आधार पर पुलिस ने एनएच-152 डी पुल के पास नाकाबंदी करके चैंकिंग शुरू कर दी। कुछ देर बाद पुलिस को एक कार आती हुई दिखाई दी। जिसको पुलिस टीम ने शक के आधार पर रोककर कार में बैठे दोनों लडकों को काबू करके उनका नामपता पूछने पर उन्होंने अपना नाम नीरज वासी शीतल नगर रोहतक व राजीव उर्फ गोलू वासी कोथ कलां जिला हिसार हाल वासी जींद बताया। जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा इस गाड़ी को लुधियाना पंजाब से चोरी किया गया था तथा गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी। पुलिस टीम ने आरोपियों के खिलाफ थाना शहर पेहवा में मामला दर्ज करके आरोपियों को कार सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से एक टैब, कारों के 4 लॉक, अलग-अलग गाड़ियों की 9 चाबियां, 27 प्रकार के औजार, 4 फर्जी नंबर प्लेट व 5 टोचन बरामद हुए।

### एक दर्जन वारदातों का खुलासा

जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी टैब की सहायता से गाडी का लॉक तोड़कर को स्टार्ट करके चोरी करते थे। चोरी करने के बाद आरोपी गाड़ी पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर लुधियाना एरिया में बेच देते थे। निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों ने जिला कुरुक्षेत्र से 4, जिला कैथल से 1, जिला करनाल से 1 तथा पंजाब से 2 गाडियां चोरी की थी।

### आरोपी पहले भी जा चुके जेल

जानकारी देते हुए अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र ने बताया कि आरोपी नीरज के खिलाफ गाड़ी चोरी के करीब 12 मामले दर्ज हैं। आरोपी नीरज गाड़ी चोरी के मामले में जेल रह चुका है। आरोपी राजीव उर्फ गोलू भी जिला पंचकूला के एक लूट मामले में अम्बाला जेल में रह चुका है।

### फूड सेफ्टी एंड एडल्टरेशन अवेयरनेस विषय पर सेमिनार

**पिहोवा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पिहोवा के प्रिंसीपल कंवल कुमार ने कहा कि युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग, हरियाणा के निर्देशानुसार फूड सेफ्टी एंड एडल्टरेशन अवेयरनेस विषय पर एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता सेमिनार में सीनियर मेडिकल ऑफिसर, पिहोवा डा. मनीषा सिंह व डा. नेहा अरोड़ा द्वारा छात्र-छात्राओं को खाद्य सुरक्षा व मिलावट के बारे में जानकारी दी गई व मिलावट की जांच करने बारे बताया और मिलावट खोरी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई हेतु भी जानकारी दी गई। उन्होंने मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से उत्पन्न स्वास्थ्य संकट बारे बताया और कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ जन जागरूकता आवश्यक है। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने भी खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अपने विचार रखे व मुख्य वक्ता से प्रश्नोत्तरी भी की इस के साथ साथ डॉ. मनीषा सिंह द्वारा एनीमिया की बीमारी के बारे में भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया और जानकारी दी।



*छात्र साकेत ने विद्यालय में टॉप किया*

# मेधावी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद




मंगलवार को घोषित हुए सीबीएसई के कक्षा 12वीं और 10वीं के परीक्षा परिणाम मे सतलुज स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह जानकरी देते हुए प्राचार्य डॉक्टर आरएस घुम्मन ने बताया कि वाणिज्य संकाय के छात्र साकेत ने 97.2% अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया। इसी तरह 10वीं कक्षा के ही छात्र वंश सैनी ने भी 92.6 % अंक प्राप्त करके विद्यालय में टॉप किया। 12वीं और 10वीं का परीक्षा परिणाम आते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल में जश्न मनाया और मिठाइयां बांटी गई और मेधावी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बच्चों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य डा. आर एस घुम्मन, एडमिनिस्ट्रेटर मनोज भसीन, उपप्रधानाचार्य सतबीर सिंह,ममता जैन, नीलम मेहता, काजल, दिनेश, अंजना संजय बठला, अंकुश, मंदीप कुमार, पूजा, मंदीप कौर, सहिल, अनु अग्रवाल, अर्शदीप, राजबीर आदि स्टाफ सदस्यों ने बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### अंकित व शाम सुंदर पपनेजा की स्मृति में लगाए ठंडे पानी के दो वाटर कूलर

**पिहोवा।** अंकित पपनेजा मेमोरियल सेवा फंड जो भारत विकास परिषद शाखा पिहोवा की सहयोगी संस्था है,जिसकी ओर से पिछले दो वर्षों से निर्धन वर्ग की छात्राओं की स्कूल फीस, पुस्तकें, वर्दी इत्यादि का खर्च वहन करने के बाद अब ज्येष्ठ मास की चिलचिलाती गर्मी में लोगों की प्यास बुझने एवं सुविधा हेतु पपनेजा परिवार की ओर से अंकित पपनेजा व पिता शाम सुन्दर पपनेजा की स्मृति में ठंडे पानी के दो वाटर कुलर फिल्टर सहित लगाए गए। ज्ञान भूषण पपनेजा ने बताया कि आम जनता की सेवा में समर्पित एक वाटर कुलर पवन मार्केट गणपति मंदिर के नजदीक लगवाया गया, वहीं दूसरा ठंडे पानी का वाटर कुलर फिल्टर सहित राजकीय प्राथमिक स्कूल टिब्बा फॉर्म कुरुक्षेत्र रोड में लगाया गया। जहां पर निर्धन वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं व गर्म पानी पीने को मजबूर थे। सरकार की ओर से उन्हें किसी भी प्रकार की कोई सुविधा वहां प्रदान नहीं की हुई थी। कुलर लगने के पश्चात छोटे-छोटे बच्चों ने शीतल जल का आनंद लिया उनका उत्साह देखते ही बनता था। इस अवसर पर ज्ञान भूषण पपनेजा, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नवीन गर्ग, सचिव निपुण गर्ग, राकेश खुराना,मेघराज गर्ग, वेद प्रकाश गर्ग, अजय गर्ग, सतीश छाबड़ा व देव पूर्णिमा तथा विद्यालय की ओर से स्टाफ सदस्य रचना कुमारी, पुष्पा गुलाटी व रेखा शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**पिहोवा।** पवन मार्किट में वाटर कूलर का शुभारंभ करते ज्ञान भूषण पपनेजा व भाविप सदस्य।

*थीम पार्क से आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा*

# भारतीय सेना ने पाकिस्तान को दिया करारा जवाब : सुभाष सुधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और सशक्त नेतृत्व में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को आतंकवाद का मुंहतोड़ जवाब दिया है। दुनिया भर के सभी देशों ने भारतीय सेना के पराक्रम का लोहा माना है। ऐसे में भारतीय सेना का जितना सम्मान और प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। भारतीय सेना के सम्मान में देशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रहीं हैं, जिनका मकसद सेना के शौर्य और पराक्रम की गाथा को जन-जन तक पहुंचाना है।

### यात्रा छठी पातशाही गुरुद्वारा के पास सम्पन्न होगी



पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि आप्रेशन सिंदूर की सफलता को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में 16 मई को लगभग 9 बजे तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह तिरंगा यात्रा थीम पार्क से शुरू होगी और शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करने के उपरांत रेलवे रोड, छठी पातशाही गुरुद्वारा साहिब के पास सम्पन्न होगी। सुभाष सुधा ने कहा कि आज भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देश चाहते हैं कि विश्व से आतंकवाद का सफाया हो। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना के बाद पूरा देश चिंतित था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी सूझबूझ से तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आतंकवाद का करारा जवाब देने के लिए खुली छूट दी। भारतीय सेना के इस जवाब से पाकिस्तान भी अचंभित हुआ। जबकि पाकिस्तान ने अपनी हवाई सेवाएं खुली रखी और वहां पर आमजन का आवागमन भी रहा। पाकिस्तान की कहीं ना कहीं यह मंशा रही कि भारत द्वारा भूल से ही सही, उनके आम नागरिक निशाना बन जाएं ताकि वे भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मंच पर बोल सकें। परंतु भारतीय सेना ने अपनी सूझबूझ से काम लिया और आतंकवादियों को नेस्तनाबूद किया।

### अदिति ने दसवीं की परीक्षा में किया बेहतर प्रदर्शन

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा जारी दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किए गए जिसके अंतर्गत महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र की छात्रा अदिति सुपुत्री कुलदीप सिंह ने कुल 500 अंकों में से 492 अंक प्राप्त कर अर्थात 98.4% के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन समिति ने अदिति द्वारा किए गए शानदार प्रदर्शन की भूरि भूरि प्रशंसा की और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अदिति ने बताया कि उसके माता-पिता शिक्षा विभाग हरियाणा में सरकारी अध्यापक हैं। अदिति अपनी बेहतरीन सफलता का श्रेय अपने शिक्षको एवं अपने माता-पिता को देती है।



## विद्यार्थियों को जंक फूड से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, कुरूक्षेत्र में फूड सेफ्टी एवं एडल्टरेशन अवेयरनेस पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रदीप जिला मलेरिया अधिकारी विशेष रूप से पहुंचे। इस मौके पर संस्थान के अनेक छात्र-छात्राओं द्वारा भी साफ स्वच्छ खाना बनाने व खाने, जंक फूड को छोड़ने व पौष्टिक से भरा आहार खाने पर अपने विचार साझां किए गए। इस मौके पर डॉ प्रदीप ने सभी छात्र-छात्राओं व स्टाफ के सदस्यों से मिलावट वाले खाने से दूर रहने व साफ स्वच्छ खाने के लाभ बताये। उन्होंने यह भी बताया कि छात्र-छात्राओं को पौष्टिक भरे खाना जैसे दूध, दूध से बनी वस्तुएं, हरी सब्जियों व फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करने पर बल दिया। इस अवसर पर संस्थान की उप-प्रधानाचार्या निर्मल प्रिंजा, अरुण कुमार अधीक्षक, रामपाल वर्ग अनुदेशक परविंद्र वर्ग अनुदेशक व संस्थान के सभी स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहें।

# खेलो इंडिया में साई के वॉलीबाल खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र शाखा के वॉलीबाल खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हरियाणा की टीम को कांस्य पदक जीताने में अहम भूमिका अदा की है। इन खिलाड़ियों का साई कुरुक्षेत्र में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस उपलब्धि पर साई के सहायक निदेशक बाबू राम रावल ने प्रशिक्षक राहुल सांगवान व खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। वॉलीबाल के प्रशिक्षक एवं हाई परफोरमैंस वॉलीबाल खेलों इंडिया राहुल सांगवान ने कहा कि भारतीय खेल प्राधिकरण के वॉलीबाल खिलाड़ी योगेश कुमार जोकि हरियाणा टीम के कप्तान भी रहे और सोनू जाखड व रजत ने हरियाणा की वॉलीबाल टीम की तरफ से 4 से 15 मई 2025 तक पटना, बिहार हुए खेलों इंडिया में भाग लिया। इन खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए खेलों इंडिया यूथ गेम्स 2025 में हरियाणा की टीम को ब्रांज मेडल दिलवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उन्होंने कहा कि इस उपलब्धि को लेकर साई के प्रांगण में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी मनोज कुमार,वरिष्ठद्द प्रशिक्षक कुलदीप सिंह वडैच, पूर्व चीफ कोच गुरविन्द्र सिंह, नरेन्द्र ठाकुर, कोमल, साहिल, समाजसेवी बलराज ग्रेवाल, विनोद गर्ग, नरेश सैनी आदि ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी।



### लिटिल मिलेनियम में धूमधाम से मनाया मैंगो डे

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में मैंगो डे का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। बच्चों को फलों के राजा आम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालय की सीएलओ ज्योति खनेजा ने बताया कि आम में विटामिन ए, सी व विटामिन इ भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इससे आंखों की रौशनी, मस्तिष्क का विकास और रोग प्रतिरोधक क्षमता में सहायक हैं। आम रसीले और स्वाद में मजेदार होते है। विद्यालय की डेवलपिंग रूट्स के नन्हे -मुन्ने बच्चों ने पीले रंग की पोशाकें पहनकर मैंगो थीम पर आधारित डांस किया व इमर्जिंग विंग्स के बच्चो ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। रेडी तो फ्लाई 1 व 2 के छात्रों ने कहानियाँ, गेम्स और आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधियों में भाग लिया। शिक्षकों ने बच्चों को आम के पोषण मूल्य के बारे में बताया और उन्हें विभिन्न प्रकार के आमों का स्वाद चखने का भी अवसर मिला। कार्यक्रम में दलजीत कौर, इशिका, जय भारती, पूनम, मनीषा, अंजलि, प्रिया ने बच्चों को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए तैयार किया।

## 135 प्राइवेट स्कूलों का प्ले-वे स्कूल के लिए किया जाएगा पंजीकरण : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में लगभग 135 प्राइवेट प्ले-वे स्कूल चल रहे है। इन सभी स्कूलों को नियमानुसार अपना पंजीकरण करवाना होगा। इन स्कूलों के प्रबंधकों को सरकार की शर्तों के अनुसार 20 मई 2025 तक तमाम दस्तावेज जमा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा करवाने होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निदेर्शानुसार जिला में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचकूला, हरियाणा निदेशक के पत्र द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए सक्षम अधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत 3-6 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्ते भी निर्धारित की गई है। सभी स्कूलों को निर्धारित मापदंडों को पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधकों को 20 मई 2025 तक प्ले स्कूल का आवेदन राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्ण कागजात सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी, कुरुक्षेत्र के कार्यालय में जमा करवाएं।

**कार्यक्रम** | कुवि के यूआईईटी संस्थान में मनाया राष्ट्रीय तकनीकी दिवस

*कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने तकनीकी बारीकियों की जानकारी ली*



# तकनीकी कौशल से ही चुनौतियों से निपटा जा सकता है: प्रो. सुनील ढींगरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

आज दुनिया में बहुत सी ताकते जान माल को नुकसान पहुंचाने के लिए पनप रही है जो समय के साथ मानव के लिए चुनौतियों से सामना करवा रही है। तकनीकी कौशल से ही हम इन चुनौतियों से निपट सकते है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए रोबोटिक जैसी कार्यशालाओं की जरूरत है। इन कार्यशालाओं से विद्यार्थियों में तकनीकी कौशल का विकास होता है जिससे विद्यार्थियों के तकनीकी कौशल में ओर अधिक निखार आ जाता है जिसका फायदा संस्थान और समाज को सीधे रूप से मिलता है। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन इंजीनियरिंग एवं टैक्नोलॉजी तथा यूआईईटी संस्थान के निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा ने राष्ट्रीय तकनीकी दिवस के अवसर पर यूआईईटी संस्थान के टेक्निकल क्लब द्वारा कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित तकनीकी आह्वान-2025 कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रो. सुनील ढींगरा ने कहा कि दुनिया की नजरे भारत के युवा जोश और तकनीक पर है। आज युद्ध जैसे हालात में भी रोबोट सामान लाने ले जाने व गुप्त जानकारी हासिल करने के लिए बड़े कारगर सिद्ध होते है। कार्यशाला के टेक्निकल विशेषज्ञ डॉ. गौरव वर्मा ने कहा कि रोबोट उद्योग में पिक एंड प्लेस में योगदान कर सकते है! गुप्त जगह पर कैमरे से रिकार्डिंग करके वहां की लोकेशन व अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते है। अस्पताल में भी रोबोट का प्रयोग का प्रचलन बढ़ रहा है। इस अवसर पर डॉ. रीटा, डॉ. अनीता, डॉ. दीप्ती चौधरी, डॉ. प्रियंका जांगड़ा, डॉ. दिव्या, रविंद्र, अभिषेक, हरिकेश पपोसा मौजूद रहे।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सारांश प्रथम

*टेक्निकल क्लब की संयोजिका डॉ. प्रियंका जांगड़ा ने बताया कि इस कार्यशाला में तकनीकी दिवस के ऊपर विद्यार्थियों की टेक्निकल क्विज, कोड-बी बग की तकनीकी प्रतियोगिता करवाई गई। तकनीकी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सारांश प्रथम, यश दूसरे और दीपांशु तीसरे स्थान पर रहे। कोड़-बी बग प्रतियोगिता में मनन रहेजा प्रथम, नितेश दूसरे और चेतन तीसरे स्थान*

